आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.5 °c | 11.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.41 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.24 बजे |

# झारखंड में जनभावना कांग्रेस के पक्ष में: बंधु

**सरना धर्म कोड पर राहुल गांधी की घोषणा के बाद आदिवासियों-मूलवासियों में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा**



आजाद सिपाही संवाददादा

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में जमीनी स्तर पर लोगों की भावना और प्रभाव पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में है। जनाकांक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरने के लिए कांग्रेस और इसके नेता पूरी तरह से तैयार हैं।

बंधु तिर्की ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में रांची के साथ ही अन्य स्थानों पर आयोजित जनसभाओं और विविध स्थानों पर अनौपचारिक बातचीत में भी राहुल गांधी ने सरना धर्म कोड और आदिवासी जमीन की लूट के खिलाफ जो घोषणा की और सरकार बनने पर सरना धर्म कोड को लागू करने के संदर्भ में उनके दिये गये वक्तव्य के बाद झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है। श्री तिर्की ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के साथ ही झारखंड के भाजपा नेताओं ने सरना धर्म कोड, आदिवासियों की जमीन लूट, पांचवीं अनुसूची, वनाधिकार कानून, आदिवासियों की अन्य संवैधानिक, न्यायोचित और बहुत दिनों से प्रतीक्षित मांगों के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाया हुआ है।

## मोरहाबादी में महिला समूह की दीदियों का होगा जुटान

# आज सखी मंडल महासम्मेलन को संबोधित करेंगे सीएम चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददादा



**रांची।** राजधानी रांची में सोमवार को ट्रैफिक बदला रहेगा। राज्यस्तरीय सम्मेलन को लेकर मोरहाबादी में महिला समूह की हजारों दीदी कार्यक्रम में भाग लेंगी। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के एक्सपोजर और क्षमता संवर्द्धन, समूह की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का एक्सपोजर-क्षमता संवर्द्धन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता मौजूद रहेंगे। यह आयोजन राज्य स्तर और सभी प्रमंडल स्तर पर किया जायेगा।

**आज रात आठ बजे तक मालवाहक वाहन की नो इंट्री :** इस दौरान रांची के शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। चाइबासा, जमशेदपुर-सरायकेला खरसावां के महिला समूह की दीदियों का बस तुपुदाना, बिरसा चौक, सेटेलाइट, अरगोड़ा, हरमू सहजानंद चौक, किशोरगंज चौक होते हुए सिदो-कान्हू पार्क के पास निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्किंग होगा। गढ़वा, पलामू, लातेहार के महिला समूह की दीदियों की बस रातू रिंग रोड, कांके रोड होकर सिदो कान्हू पार्क के पास महिला समूह की दीदियों को ड्रॉप कर पुलिस लाइन कांके रोड में निर्धारित पार्किंग स्थल में बस पार्किंग करेंगे। बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ से आनेवाली महिला समूह की दीदियों की बस एनएच-33 बूटी मोड़, बरियातु रोड होकर आर्मी मैदान मोरहाबादी के पास महिला समूह की दीदियों को ड्रॉप कर आर्मी मैदान मोरहाबादी निर्धारित पार्किंग स्थल में बस पार्किंग करेंगे। गुमला, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा के महिला समूह की दीदियों का बस तुपुदाना, बिरसा चौक, सेटेलाइट, अरगोड़ा, सहजानंद चौक, किशोरगंज चौक होते हुए रांची कालेज स्टेडियम के पास महिला समूह की दीदियों को ड्रॉप कर रांची यूनिवर्सिटी ग्राउंड निर्धारित पार्किंग स्थल में बस पार्किंग करेंगे। कार्यक्रम में आने वाली बसों को छोड़कर शहर की ओर आने वाले भारी वाहन सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक भारी मालवाहक शहर में प्रवेश नहीं करेंगे।

# विद्यासागर पूजा क्लब सरस्वती पूजनोत्सव की तैयारी में जुटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कलश यात्रा से पहले 1100 महिलाओं के बीच वस्त्र वितरण किया गया**

**रांची।** सरस्वती पूजनोत्सव की तैयारी जोरों पर है। इसी सिलसिले में विद्यासागर पूजा क्लब कैलाश बाबू स्ट्रीट नियर टैक्सी स्टैंड में रविवार को विक्रम सिंह के नेतृत्व में 1000 महिलाओं बीच वस्त्र वितरण किया गया। साड़ी वितरण विद्यासागर पूजा क्लब के तत्वावधान में अद्वितिय पवन सूत शिव दुर्गा मंदिर ट्रस्ट रातू के द्वारा किया गया। वहीं बिक्रम सिंह ने कहा कि विद्यासागर पूजा क्लब के द्वारा वर्षों से इस जगह मां सरस्वती की पूजा की जाती है। कलश स्थापना के दिन इसी साड़ी में महिलाएं ढोल नगाड़े के साथ कलश यात्रा निकालेंगी। 16 फरवरी को महा आरती, महा भंडारा के पश्चात प्रतिमा विसर्जन के साथ कलश विसर्जन शोभायात्रा 17 फरवरी को किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक बीके जायसवाल, लंकेश सिंह, विष्णु राम वर्मा, गोपाल ठाकुर, उमाशंकर दास, ओम प्रकाश साहू, मुन्ना चौरसिया, अधिवक्ता राजन सहाय, विश्व रूप दे, दीपक वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# डॉक्टर अभिषेक कुमार ने खून देकर बचायी नाबालिग ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्चे की जान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एक कहावत बड़ा प्रचलित है कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं, लेकिन यह बात सिर्फ कहने की नहीं है। बल्कि इस बात को एक बार फिर से सच कर दिखाया है। झारखंड की राजधानी के प्रतिष्ठित एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल के डॉक्टर अभिषेक कुमार ने। कैंसर का एक मरीज अस्पताल में भर्ती किया गया था। मरीज नाबालिग था। उसे कैंसर था, जिसका इलाज तुरंत करना अति आवश्यक था। अस्पताल के कंस्लटेंट पैडिएट्रिक ऑनकोलॉजिस्ट डॉ अभिषेक कुमार ने बच्चे के इलाज की ज़िम्मेवारी ली। बच्चे की जांच करने पर उन्होंने पाया की मरीज का हीमोग्लोबिन काफी कम है। उसे तत्काल खून की आवश्यकता थी। मरीज के ग्रुप का खून मिलना मुश्किल हो रहा था। यह एक संयोग ही था कि बच्चे का इलाज कर रहे डॉ अभिषेक के खून का ग्रुप भी वही था, जिसकी बच्चे को जरूरत थी। ऐसे में डॉ अभिषेक ने मानवता का परिचय देते हुए खुद अपना खून देने का निर्णय लिया। बता दें की डॉ अभिषेक कुमार झारखंड के एकमात्र पैडिएट्रिक ऑनकोलॉजिस्ट हैं। जो वर्तमान में अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल में कार्यरत हैं। मरीज की नाजुक स्थिति को देखते हुए खून की तत्काल व्यवस्था नहीं होने की कारण डॉ अभिषेक ने दरियादिली दिखाते हुए अपना ही खून उस बच्चे को दिया। खून चढ़ाने के बाद उस बच्चे की स्थिति में सुधार हुआ और अब वह ठीक है।

## राजभवन का दीदार करने पहुंचे 1,04,722 लोग



**रांची (आजाद सिपाही)।** राजभवन उद्यान इन दिनों आम लोगों के लिए खुला है। उद्यान में फूलों का दीदार करने छठे दिन रविवार को 1,04,722 लोग पहुंचे। इस दौरान लोगों फूलों और झरने के साथ सेल्फी ली। उद्यान परिसर में बच्चों ने चिल्ड्रेन पार्क में बने झूले का आनंद लिया। साथ ही म्यूजिकल फाउंटेन का भी लुत्फ उठाया। इस दौरान राजभवन के अंदर प्रवेश करने के लिए लंबी लाइन लगी रही। सभी को जांच करने के बाद अंदर जाने दिया गया। हवाई जहाज और लड़ाकू विमान के साथ युवा और बच्चे ग्रुप फोटो भी खिंचवा रहे थे। राजभवन आम नागरिकों के भ्रमण के लिए 12 फरवरी तक खोला गया है। राजभवन में 400 किस्म के लगभग 17 हजार गुलाब के अलावा अन्य फूल लगे हैं। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक है। उद्यान में प्रवेश राजभवन के गेट नंबर 2 से जांच के बाद एक बजे अपराह्न तक दिया जा रहा है।

## लाइफ सेविंग तकनीक का प्रशिक्षण दिलायेगी सरकार

**रांची।** राज्य सरकार वाटर स्पोर्ट्स और लाइफ सेविंग तकनीक का प्रशिक्षण दिलायेगी। पर्यटन निदेशालय ने इसकी तैयारी भी कर ली है। चयनितों को निःशुल्क आवासीय ट्रेनिंग मार्च 2024 के पहले सप्ताह में दी जायेगी। इसके जरिये उन्हें भी लाभ होगा, जिनका बोट संचालन का लाइसेंस का डेट ओवर हो चुका है। जिलों में जिला खेल पदाधिकारियों के माध्यम से ऐसे योग्य कैंडिडेट की तलाश की जा रही है, जिनकी उम्र 18-50 वर्ष की है।

# महाशिवरात्रि पर मनोहारी झांकी निकाली जायेगी : रमेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति एवं चंद्रशेखर आजाद श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से महाशिवरात्रि पर कई मनोहारी झांकी निकाली जायेगी। दिल्ली के कलाकारों की टीम द्वारा प्रस्तुत जीवंत झांकियों में श्रीराम लला और परमपिता शिव के विग्रह की झांकी प्रमुख होगी। समिति की रविवार को सर्जना चौक के समीप श्रीराम मंदिर परिसर में अध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयोजन को लेकर चर्चा हुई। कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि शोभायात्रा में बैंड-बाजा, ताशा पार्टी, छऊ नृत्य की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा होगी। करेंगे। इसके अलावा शिव भक्त शोभायात्रा में केसरिया ध्वज थामे शामिल होंगे। बैठक में शैलेंद्र कुमार, नवीन पपनेजा, सुनीता देवी, रवि अरोड़ा, नीरज जायसवाल, संजय अरोड़ा, हीरलाल पपनेजा, गिरधारी लाल शर्मा, सुमित बजाज, राजू वर्मा, रामकुमार, बीजू वर्मा, शुभम, विकास, ओमप्रकाश, शंकर किंगर समेत अन्य शामिल हुए।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में छात्रों को दी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के सभागार में रविवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता, मुख्य अतिथि रोमी मेहता, नर्सरी स्कूल की प्राचार्या सोमा घोष, एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर रवि शेखर, परीक्षा नियंत्रक एके श्रीवास्तव, जूनियर विंग इंचार्ज राजकिशोर शर्मा ने दीप जला कर किया। सरस्वती वंदना के बाद कक्षा 12वीं की विशाखा कुमारी और देश दीपक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। एके श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 12वीं के ऋषिकेश चंद्र रॉय को मिस्टर ऑक्सफोर्ड और विशाखा को मिस ऑक्सफोर्ड का खिताब प्रदान किया गया। कक्षा 11वीं की स्मृति राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच का संचालक नबारुण सेनगुप्ता ने किया।

# श्याम बाबा को श्रृंगार मन्ने भावे...



**रांची (आजाद सिपाही)।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंडल के श्याम मंदिर का 19वां स्थापना दिवस धूमधाम से रविवार को मना। श्याम मंदिर के निकट शीतल टावर परिसर मे श्याम भंडारा का आयोजन किया गया, जहां 3000 भक्तों श्री श्याम प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास पाड़िया, गौरव शर्मा, अजय साबू, अशोक लाठ, प्रमोद बागड़िया, रोहित पोद्दार का सहयोग रहा। शाम चार बजे से श्याम प्रभु का श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर बनारस से आये प्रसिद्ध भजन गायक कृष्णा दधीच ने आयो सावरियों सरकार लीले पे चढ़ के, बस इतनी तम्मना है, ए श्याम तुम्हें देखूं, बोलो जी दयालु दिलदार के करूं, श्याम बाबा को श्रृंगार मन्ने भावे...के भजन की लय में भक्तगण को झूमे।

# अबकी बार 400 पार : काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** 2024 लोकसभा चुनाव के निमित्त केंद्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आह्वान पर भाजपा के राष्ट्रीयव्यापी 'दीवार लेखन अभियान' के अंतर्गत आज जमशेदपुर शहर के बागुनहातु क्षेत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कई स्थानों पर अपने सहयोगियों, महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित होकर दीवार लेखन कर नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया।

इस अवसर पर अमरप्रीत सिंह काले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहीं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर कहा कि हरेक घर तक नागरिकों को प्रधानमंत्री मोदी की हर गारंटी का लाभ मिल रहा है। इस बार फिर जनता का प्रचंड विश्वास भाजपा को मिलेगा और हमारा 'अबकी बार 400 पार' का संकल्प साकार होगा।

इस मौके पर ताराचंद कामंत, अनुभव सिन्हा, एसबी राणा, मछेंद्र निषाद, सुभाष प्रमाणिक, के लाल, गौरव साहू, गिरधारी लाल, चंदन मिश्रा, रविंद्र मास्टर, सुरेंद्र लाल, पंचानंद, मधुसूदन मिश्रा, माला नामता, सरस्वती साहू, गंगा साहू, मुक्ता नामता, बंदना नामता, मिनी सिंह, पुतुल सिंह, विवेक कामंत, लख्खीकांतो घोष, शशिकांत कुमार एवं अन्य ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल: वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में चमके प्रतिभागी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में 20वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सह क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक कुमार मनीष अरविंद ने शिक्षा-सामाजिक उत्तरदायित्वों में डीएवी आलोक के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य राम सिंह ने भी कहा कि विद्यालय में ही बच्चों के भविष्य का नींव पड़ती है। विद्यालयों का कर्तव्य है कि वे बच्चों की प्रतिभा को तराश कर दें। इसके पूर्व विद्यालय के छात्रों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ आलोक कुमार ने शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय परिवार के क्रियाकलापों की सराहना की। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने वार्षिक प्रगति पत्र सह विवरणिका में वार्षिक लेखा-जोखा का वर्णन प्रस्तुत किया।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत**

शिक्षा अनुशासन, संस्कृतिक क्रियाकलापों, सामाजिक उत्तरदायित्व आदि में उत्कृष्ट भूमिका निर्वहन करने वाले छात्र पुरस्कृत किये गये। उन्हें प्रमाण पत्र, मेडल, आकर्षक उपहार देकर भविष्य के लिए कर्तव्य पालन की प्रेरणा दी गयी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### संत जीएम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** रविवार को संत जीएम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में वर्ग 4 से 9 तक के बच्चों ने अपने मॉडल्स को प्रदर्श किया। इस कार्यकम को अच्छे ढंग से तैयार करने में स्कूल के निदेशक, प्रिंसिपल व सभी शिक्षकों का काफी योगदान रहा। प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूल के प्रिंसिपल व डायरेक्टर भी बतौर अथिति शामिल हुए और प्रदर्श साइंस के मॉडलों को सराहा और बच्चों के उच्च भविष्य की कामना की! और तारीफ किया। साइंस मॉडल की मार्किंग के आधार पर बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन वह समय होता है जब विद्यार्थी और विज्ञान प्रेमियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दुनिया का मनोरंजन करने का मौका मिलता है। यह एक ऐसा प्लेटफार्म होता है जहां विज्ञान के नवाचार, उपकरण और अनुसंधान कार्यों को प्रदर्शित किया जाता है।

### शनि मंदिर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी सह समाज-सेविका नीलम चौधरी के द्वारा विधानसभा के पास शनि मंदिर के प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री पद्मनाभा आइ इंस्टीट्यूट के माध्यम से लगाया गया। इस शिविर में डेढ़ सौ लोगों ने आंखों की जांच करायी, इसमें पंद्रह लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत मिली। नीलम चौधरी द्वारा पूरे एचइसी में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिन लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत है, उनका साथ देनेवाला अगर कोई नहीं है, तो उन्हें अपने साथ ले जाकर मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाती हैं। शिविर में मुकेश सिंह, कपिल सिंह, मंटू यादव, विनोद सिंह, संजय सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### आंदोलनकारी का नाम सूची में जोड़ने में सहयोग करें: ललित कुमार महतो



**रांची (आजाद सिपाही)।** आजसू के संथापक सदस्य सह पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो के नेतृत्व में रविवार को झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति की पांचवीं बैठक रायडीह मोड़ तमाड़ स्थित ललित महतो के आवासीय प्रांगण में हुई। इसमें आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के संस्थापक पुस्कर महतो शामिल हुए। आयोग द्वारा चलाये जा रहे चिह्नितीकरण कार्यक्रम के दरम्यान भुवनेश्वर महतो का तमाड़ का पहला दौरा था। उन्होंने कहा कि कोई भी आंदोलनकारी ना छूटे और कोई भी गैर आंदोलनकारी ना जुड़ पाये। उन्होंने पुराने आंदोलन के दिनों की याद करते हुए तमाड़ के धरती को नमन किया। बैठक में गुणोधर मांझी, सुभाष मांझी, गणेश मछुआ, राजेश स्वांसी, गुरुवा स्वांसी, नीलांबर महतो, दिलीप महतो, अशोक कुमार महतो, उपेंद्र मुर्मू, कालेश्वर पुराण, ईश्वर दयाल महतो, विश्वनाथ गोंझू, जगमोहन स्वांसी, घसीराम मुंडा सहित सैकड़ों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

### महावीर मंडल की बैठक आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के निवारणपुर स्थित श्रीश्री महावीर मंडल के अध्यक्ष सुशील दुबे ने कहा कि जिले के सभी अखाड़ाधारी महावीर मंडल और सभी राम भक्तों की 12 फरवरी को बैठक बुलायी गयी है। बैठक में रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और नवीन जयसवाल उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार रामनवमी मेला स्थल के सौंदर्यीकरण के नाम पर रामनवमी मेला स्थल को खत्म कर पार्क बनवा रही है। रामनवमी मेला को खत्म करने की गहरी साजिश रची जा रही है। इसी उद्देश्य को लेकर वस्तुस्थिति से अवगत कराने और विचार विमर्श करने के लिए यह बैठक बुलायी गयी है।

### कोलकता में इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक




**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक अध्यक्ष अमृतलाल मदान की अध्यक्षता कोलकाता के होटल फॉर्च्यून पंचवटी पार्क में हुई। इसमें अरुण कुमार बुधिया ने दो मुद्दे रखे। पहला- मोटर वाहन अधिनियम की धारा 136 और धारा 102 के तहत दुर्घटना ग्रस्त वाहन को एमवीआइ होने के 24 घंटा के अंदर थाना से छोड़ा जाना चाहिए। कोर्ट की कोई जरूरत नहीं है। दूसरा-फाइन के रूप मे अतिरिक्त शुल्क 50 रुपये प्रतिदन का फाइन फिटनेस पर विलंब होने पर लगाया गया, जो गलत है। अभी हाइकोर्ट के आदेश से नहीं लग रहा है। वह स्थायी रूप से समाप्त हो।

### रांची में होगा प्री होली इवेंट का धमाल



**रांची (आजाद सिपाही)।** लालपुर में रविवार को सन डाउनर एंटरटेनमेंट कंपनी के फाउंडर ईशान कुमार सोनी ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि सन डाउनर एंटरटेनमेंट कंपनी के द्वारा प्री होली इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह इवेंट होली से पहले 17 मार्च को आयोजित होगा। स्थान होगा हरमू बाइपास स्थित कार्निवल पैलेस। इस इवेंट में मुख्य रूप से पोलैंड की प्रसिद्ध डीजे नीना श्वेता, डीजे हिमानी और रशियन डांसर अपना जलवा बिखेरेंगी। इसके अलावा लोग यहां फोम होली, फ्लावर होली, ढोल बैश और अनलिमिटेड गुलाल का मजा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसकी एंट्री फी 599 से 5000 रुपये तक का पैकेज है। इस मौके पर कंपनी के सीइओ आदित्य राज, मैनेजमेंट आयुष राज वर्मा, सुमन सिंह रोशन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,900 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# कई मायनों में ऐतिहासिक रहा 17वीं लोकसभा का कार्यकाल

## ■ नये संसद भवन के साथ भव्य राम मंदिर की सौगात इसके कार्यकाल में मिली

## ■ धारा 370 से लेकर तीन तलाक को खत्म करने के लिए हमेशा याद रहेगा सदन

## ■ महिला आरक्षण और भारतीय न्याय संहिता जैसे ऐतिहासिक कानून भी पारित हुए

**दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत, यानी संसद के निचले सदन लोकसभा के 17वें अवतार का समापन हो गया है। यह लोकसभा कई ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए हमेशा याद रखी जायेगी। इस लोकसभा के कार्यकाल के दौरान जहां देश को नये संसद भवन की सौगात मिली, तो वहीं अयोध्या में भव्य राम मंदिर का शिलान्यास और उद्घाटन भी हुआ। 17वीं लोकसभा की कार्य उत्पादकता 97 प्रतिशत रही है, जो पिछली पांच लोकसभा में सबसे अधिक है। 17वीं लोकसभा की पहली बैठक 17 जून, 2019 को हुई थी। इस लोकसभा के 543 सदस्यों में से 540 सदस्यों की सदन में चर्चा में भागीदारी रही। 17वीं लोकसभा में महिलाओं का अधिकतम प्रतिनिधित्व रहा और सदन की कार्यवाही में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। 17वीं लोकसभा में कुल मिला कर 274 बैठकें हुईं, जो 1354 घंटे तक चलीं। सदन ने नियत समय से 345 घंटे की अधिक अवधि तक बैठ कर अपना कार्य किया। इस लोकसभा में व्यवधान के कारण कुल 387 घंटे का समय व्यर्थ हुआ। 17वीं लोकसभा ने 222 कानून पारित किये। इनमें जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने, तीन तलाक को खत्म करने, महिला आरक्षण और भारतीय न्याय संहिता जैसे कानून प्रमुख रहे। इस अवधि के दौरान 202 विधेयक पुन:स्थापित किये गये तथा 11 विधेयकों को सरकार द्वारा वापस लिया गया। कैसा रहा 17वीं लोकसभा का कामकाज और इसने क्या ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की संसद के निचले सदन, यानी लोकसभा का कार्यकाल खत्म हो गया है। यह देश की 17वीं लोकसभा थी। अब आम चुनावों के बाद नयी सरकार बनने पर 18वीं लोकसभा शुरू होगी। कुछेक घटनाओं को छोड़ कर 17वीं लोकसभा का कामकाज कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। इसने कई महत्वपूर्ण कानून बनाये और देशहित में बड़े फैसले लिये। इन चर्चित कानूनों और फैसलों के लिए 17वीं लोकसभा को हमेशा याद रखा जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का यह दूसरा कार्यकाल था।

### हंगामे में भी चली कार्यवाही

17वीं लोकसभा के दौरान हंगामे तो हुए, लेकिन उसका असर कामकाज पर नहीं हुआ। लोकसभा में एनडीए की अगुआई वाली सरकार के पूर्ण बहुमत होने के कारण विपक्ष के हंगामे के बावजूद संसद के अंदर लगभग हमेशा कामकाज होता रहा। इस लोकसभा के दौरान लगभग 97 फीसदी काम हुआ। यह अब तक का सबसे सफल लोकसभा का टर्म रहा। कई बिल बिना विपक्ष की भागीदरी के भी पास हुए।

### कोविड के दौरान नया रूप

इस लोकसभा के कार्यकाल के दौरान कोविड महामारी का असर भी दिखा। महामारी के कारण सत्र पर इसका असर हुआ। इसका अलग स्वरूप भी दिखा। वर्चुअल तरीके से सत्र का आयोजन हुआ। दूसरी जगह बैठ कर सांसदों ने सत्र में भाग लिया। कई मौजूदा और पूर्व सांसदों की मौत महामारी के कारण हुई। कोविड के कारण लोकसभा में तमाम सांसदों की एमपी फंड के खर्च करने पर रोक लगी। कोविड के दौर में ही सांसदों को मिलनेवाली सब्सिडी कैंटीन की सुविधा भी समाप्त की गयी। इतना ही नहीं, सांसदों ने अपने वेतन और भत्तों में 30 फीसदी की कटौती का भी फैसला किया।

### देश को नया संसद भवन मिला

17वीं लोकसभा के दौरान देश को नया संसद भवन मिला। पिछले साल 28 मई को नयी इमारत की शुरुआत हुई। हालांकि इस नये संसद भवन को बनाने में काफी सियासी विवाद भी हुआ। विपक्ष ने



उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। नये संसद भवन में सेंगोल को लगाया गया। इस इमारत में पांच दिनों का विशेष अधिवेशन आयोजित किया गया था। नये संसद भवन में भारत की स्वतंत्रता की विरासत और भावना समाहित है। देश ने पहली बार 1947 में नये संसद भवन का अनुभव किया था।

### कई ऐतिहासिक बिल पास किये गये

17वीं लोकसभा के कार्यकाल के दौरान एक के बाद एक कई ऐतिहासिक और कुछ विवादित बिल पास हुए। 17वीं लोकसभा की शुरुआत के बाद पहले ही सत्र में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने से लेकर बिल पास किया गया। सीएए बिल पास होने के बाद देश में हिंसक आंदोलन हुआ। किसान बिल पास होने के बाद भी देश ने बड़ा आंदोलन भी देखा। सरकार को अपने बिल को वापस लेना पड़ा। इसके बाद नये संसद भवन में संसद और विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देनेवाला ऐतिहासिक बिल भी पास हुआ। भारतीय दंड विधान (आइपीसी) को नये सिरे से परिभाषित करनेवाला भारतीय न्याय संहिता बिल भी इसी लोकसभा के कार्यकाल में पास हुआ। इसके अलावा तीन तलाक, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा बिल सहित कई महत्वपूर्ण अधिनियम पारित किये गये।

### सुरक्षा की चिंता भी

17वीं लोकसभा के पांच वर्षों के कार्यकाल में खूब हंगामे भी हुए। कुल 146 सांसदों को हंगामे के कारण सस्पेंड किया गया, जो रिकॉर्ड है। विपक्ष ने इसे अपने अधिकार का हनन कहा। लोकसभा में विपक्ष के नेता तक सस्पेंड किये गये। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की सदस्यता को खत्म किया जाना भी विवादित बिंदु बना। उनके खिलाफ विशेषाधिकार समिति ने अनुशंसा की थी। पिछले साल 13 दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा चूक का भी बड़ा मामला बना। दो लोग सुरक्षा चक्र को चकमा देकर लोकसभा के अंदर कूद गये। इस घटना के बाद संसद की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गयी।

### 97 प्रतिशत रही उत्पादकता, 875 करोड़ की बचत

जहां तक 17वीं लोकसभा के दौरान हुए कामकाज और उपलब्धियों का सवाल है, तो वर्तमान लोकसभा की कार्य उत्पादकता 97 प्रतिशत रही, जो पिछली पांच लोकसभा में सबसे अधिक है। 17वीं लोकसभा की पहली बैठक 17 जून, 2019 को हुई थी। सदन के 543 सदस्यों में से 540 सदस्यों की सदन में चर्चा में भागीदारी रही। 17वीं लोकसभा में महिलाओं का अधिकतम प्रतिनिधित्व रहा और सदन की कार्यवाही में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। 17वीं लोकसभा के दौरान आजादी के पूर्व बनाये गये अनेक अनुपयोगी कानूनों को निरस्त किया गया और आजादी के पूर्व बनाये गये कानूनों के स्थान पर नये कानून बनाये गये। इस लोकसभा की अवधि के दौरान सदन द्वारा तीन संविधान संशोधन विधेयक पारित किये गये। वर्तमान लोकसभा में 4663 तारांकित प्रश्न सूचीबद्ध हुए, जिसमें 1116 प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिये गये। इसी अवधि में 55 हजार 889 अतारांकित प्रश्न भी पूछे गये, जिनके लिखित उत्तर सदन में दिये गये। इस लोकसभा में दो अवसरों पर सूचीबद्ध सभी प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिये गये। इस लोकसभा में 729 गैर-सरकारी विधेयक सदन में प्रस्तुत किये गये। 17वीं लोकसभा के दौरान संबंधित मंत्रियों ने 26 हजार 750 पत्र सभा पटल पर रखे। शून्य काल के अंतर्गत 5568 मामले उठाये गये, जबकि नियम 377 के अंतर्गत 4869 विषय उठाये गये। 18 जुलाई 2019 को शून्य काल के अंतर्गत एक दिन में कुल 161 विषय उठाये गये और 17वीं लोकसभा के पहले सत्र में शून्य काल में 1066 मामले उठाये गये, जो एक कीर्तिमान है। कार्यपालिका की जवाबदेही को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस लोकसभा में पहली बार शून्य काल में उठाये गये विषयों के उत्तर के लिए संबंधित मंत्रालयों से अनुरोध किया गया और अधिक के उत्तर संबधित मंत्रालय से प्राप्त हुए। 17वीं लोकसभा के दौरान मंत्रियों द्वारा विभिन्न विषयों पर 534 वक्तव्य दिये गये। इस लोकसभा के दौरान नियम 193 के अंतर्गत 12 चर्चाएं की गयीं। संसदीय समितियों ने इस लोकसभा में कुल 691 प्रतिवेदन प्रस्तुत किये। संसदीय समितियों की 69 प्रतिशत से अधिक सिफारिशों को सरकार द्वारा स्वीकार किया गया।

जहां तक 17वीं लोकसभा में नवाचारों का सवाल है, तो प्रिज्म, संसद सदस्यों के लिए ब्रीफिंग सत्र, सदस्यों को पुस्तकों की होम डिलीवरी, कार्यवाही का डिजिटलीकरण, मोबाइल ऐप, व्हाट्सप्प पर सदस्यों के वीडियो फुटेज की डिलीवरी आदि पहल भी ऐतिहासिक रहे। 17वीं लोकसभा में पेपरलेस ऑफिस के विजन को साकार करते हुए संसदीय कामकाज में डिजिटल माध्यम का अधिकतम उपयोग शुरू किया गया। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में 97 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों के नोटिस इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दिये जा रहे हैं।

---

# दीनदयाल के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार: बाबूलाल

### भाजपा ने बूथ स्तर तक मनाया समर्पण दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में भाजपा ने बूथ स्तर तक मनाया। रविवार को गांव चलो अभियान के तहत प्रवास के क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के राजधनवार में आयोजित कार्यक्रम में दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कहा कि दीन दयाल एक असाधारण प्रतिभा के धनी महामानव थे।

उन्होंने विश्व की अनेक विचारधाराओं पूंजीवाद, साम्यवाद, समाजवाद के बीच एकात्म मानववाद का सर्व ग्राहय दर्शन दिया, जिसने आज विश्व को नयी दिशा दी है। दीन दयाल के एकात्म चिंतन में व्यष्टि से समष्टि का चिंतन है। उनके अंत्योदय के चिंतन ने भारत को सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी विकास को सुनिश्चित किया। मोदी सरकार का सबका साथ, सबका विकास अंत्योदय का पर्याय है। मोदी सरकार गांव-गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़ों को समर्पित है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चाहे जन-धन हो, शौचालय निर्माण हो, पेंशन योजना हो, प्रधानमंत्री आवास हो, आयुष्मान कार्ड हो सभी अंत्योदय आधारित हैं।

**दीनदयाल का जीवन राष्ट्रसेवा का विराट प्रतीकः कर्मवीर :** इधर, प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर कर्मवीर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों ने विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरणास्त्रोत का काम किया है। उन्होंने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखकर देश को आगे ले जाने का मार्ग दिखाया, जो विकसित भारत के निर्माण में भी प्रेरणास्त्रोत बना है। दीनदयाल का जीवन राष्ट्रसेवा और समर्पण का विराट प्रतीक है। उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूल विचारों को भुलाकर प्रगति नहीं कर सकता है। जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी, पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत संपूर्ण मानव जाति को ध्रुवतारे की तरह मार्गदर्शित करेंगे।

# संरक्षक राजीव रंजन और अध्यक्ष लंकेश सिंह बने

### श्री शिव बारात स्वागत समिति के पदाधिकारियों की वार्षिक बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री शिव बारात स्वागत समिति के पदाधिकारियों की वार्षिक बैठक समिति के मुख्य संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। निर्णय लिया गया कि वर्ष 2024 में शिव बारात में आये सभी शिव भक्तों का भव्य स्वागत समिति के द्वारा किया जायेगा। समाजसेवी शंकर दुबे, विश्व हिंदू परिषद के कैलाश केसरी, चैती दुर्गापूजा समिति के महामंत्री गोपाल पारीक, राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा, संरक्षक शंकर दुबे, कैलाश केसरी, राजेश साहू को बनाया गया। साथ ही अध्यक्ष लंकेश सिंह, मंत्री गोपाल पारीक, उपाध्यक्ष अमरदीप साहू, सुनील रंजन सहाय, राजू सिंह, सह मंत्री इंदर सिंह, राहुल सिन्हा, श्रवण कुमार को बनाया गया। श्री मिश्रा ने बताया कि राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आये शिव बारात का भव्य स्वागत समिति के द्वारा किया जायेगा। शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की जायेगी। साथ ही प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

---

# कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक आज, झारखंड प्रभारी भी रहेंगे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नवगठित झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक 12 फरवरी को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में होगी। रविवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर करेंगे। सोनाल शांति ने बताया कि बैठक के बाद चुनाव समिति के सदस्य विभिन्न लोकसभा के इच्छुक प्रत्याशियों से भी मुलाकात करेंगे। चुनाव समिति में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल नेता आलमगीर आलम, डॉ अजय कुमार, डॉ रामेश्वर उरांव, सुबोध कांत सहाय, प्रदीप बलमुचू, सुखदेव भगत, गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, फुरकान अंसारी, बन्ना गुप्ता, बादल, प्रदीप यादव, प्रणव झा, दीपिका पांडेय सिंह, काली चरण मुंडा, केशव महतो कमलेश, बृजेंद्र सिंह, रमा खलखो, अशोक चौधरी, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, बिमला कुमारी, मणि शंकर, निरंजन पासवान, अमूल्य नीरज खलखो, सतीश रजक, अभिजीत राज, गुंजन सिंह, आमिर हाशमी, नेली नाथन शामिल हैं।

## सदान मोर्चा की अधिकार मार्च रैली 27 फरवरी को

# सदानों के हित में काम करनेवालों को ही देंगे वोट: राजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा की रांची में 27 फरवरी को होनेवाली मार्च अधिकार रैली की तैयारी को लेकर रविवार को गुमला परिसदन में बैठक हुई। इसमें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, पद्मश्री मधु मंसूरी, क्षितिश कुमार राय उपस्थित थे। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य में बननेवाली सरकारों ने मूलवासी सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सदानों को अधिकार लेना है, तो मूलवासी सदान मोर्चा के आह्वान पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सदानों के हित में जो दल को समर्थन देगा, उसी दल को वोट करें। तब ही सदानों को अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में बाहरी को प्रत्याशी बना कर सदानों के अधिकार को छीन रहे है। सदान पहले से ही बहुत सारे जिलों में सांसद, विधायक नहीं बन पाते हैं। इसके बाद भी सदानों को प्रमुख, मुखिया, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, पिछड़ों की राज्य में 55 प्रतिशत आबादी होने के बाद भी 14 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अंतिम सर्वे के आधार पर स्थानीय नीति, नियोजन नीति जल्द से जल्द बना कर राज्य में बेरोजगारी से जूझते झारखंडी छात्रों को रोजगार दियाजाये। कहा कि झारखंड में विधानसभा की सीटों को 160 और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग केंद्र सरकार से की है, जिससे सदानों को भी विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके।

पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय सदान वर्ग से आते हैं, इसलिए हिंदू-मुस्लिम दोनों अपने अधिकार को समझें। अधिकार को पाने के लिए रैली में भारी संख्या में रांची पहुंचे।

**इनकी रही मौजूदगी :** बैठक में अजीत विश्वकर्मा, मनोज वर्मा, सहदुल मंसूरी, भीकू सिंह, जलील अली, चंद्रनाथ प्रसाद, सुरेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## इटकी में झारखंड युवा मंच प्रखंड स्तरीय हाइटेक लाइब्रेरी और किसान सुविधा केंद्र का करेगा स्थापना




इटकी(आजाद सिपाही)। इटकी में झारखण्ड युवा मंच क्षेत्र को विकसित बनाने हेतु समाजिक समरसता, शैक्षिक और किसानों के आर्थिक विकास के लिए एक प्रारूप (विजन) तैयार किया है, इसके तहत मंच छात्रों के लिए एक हाईटेक लाइब्रेरी और किसानों के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला निर्माण करायेगा। रविवार को मंच के केंद्रीय अध्यक्ष मसूद आलम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इटकी में उच्चस्तरीय लाइब्रेरी सभी प्रकार के सुविधा से लैस होगा जिसमें गरीब छात्र छात्रायें युपीएससी, जेपीएससी, एसएससी, कैट, और बैंकिंग जैसी प्रतियोगिता की तैयारी आसानी से कर सकेंगे। इसके अलावा प्रखंड स्तरीय किसान सुविधा केन्द्र का भी स्थापना कराया जायेगा जहां किसान कृषि से संबंधित समस्याओं को रख सकेंगे। उन्होंने छात्र छात्राओं के शैक्षणिक सुविधा के लिए सरकार से राज्य के सभी प्रखंड में एक एक लाइब्रेरी स्थापना करने की मांग किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रखण्ड प्रमुख किरण उरांव, उप प्रमुख परवेज राजा, समाज सेवी मुस्ताक अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों के बीच किया वस्त्रों का वितरण



खूंटी (आजाद सिपाही)। कपड़ा बैंक बेड़ो द्वारा कर्रा प्रखंड के हिसरी गांव में रविवार को तीन सौ जरूरतमंदों के बीच वस्त्रों, कंबल, चप्पल, सैडल और कंबल का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक बेड़ो के कैलाश कुमार, रवि केशरी और शक्ति साहू द्वारा वस्त्रों का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक पिछले चार वर्षों से लगातार जरूरतमंदों के बीच नए पुराने कपड़ों का वितरण करता आ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कपड़ा बैंक में कपड़े की कमी हो गई है। जिनके पास अपने घरों में अनुपयोगी कपड़े पड़े हैं, वे कपड़ा बैंक में तथा बेड़ों के डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में जमा कर सकते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सहयोग पहुंचाया जा सके। कपड़ा बैंक की टीम में रवि केशरी, सुनील कुमार, शक्ति साहू, मुकेश कुमार और कैलाश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बुद्धिजीवी मंच की तमाड़ पूर्वी प्रखंड कमेटी का गठन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। आजसु पार्टी बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा के उपस्थिति में बुद्धिजीवी मंच का तमाड़ पूर्वी प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। सर्व सम्मति से प्रखंड अध्यक्ष रसराज महतो, उपाध्यक्ष गंगाधर महतो, सचिन शांति शरण गुप्ता, संगठन सचिव भगत राम महतो, कोषाध्यक्ष सीताराम प्रमाणिक और प्रवक्ता सनातन महतो को चुना गया। इस मौके पर केंद्रीय महासचिव डॉक्टर मुकुंद चंद्र महतो, लंबोदर महतो, विजय चंद्र महतो, मीडिया संयोजक मनोज महतो थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तमाड प्रखंड प्रवक्ता दिनेश प्रमाणिक मनोज महतो उमेश महतो फनी भूषण महतो कमलाकांत महतो अजीत महतो जय महतो चंद्र मोहन महतो आदि उपस्थित हुए।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनायी गयी



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पुण्य तिथि समर्पण दिवस के रूप में बुथ नंबर २३३ नुरीडीह में मनाया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कार्यकर्ताओं को बताया कि पंडित जी का जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा जिन्होंने जनसंघ जैसे पार्टी का संस्थापक सदस्य के रूप में काम करते हुए संगठन हित में पूरे जीवन को समर्पित कर दिया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद, नरेंद्र मोदी ज़िंदाबाद, अर्जुन मुंडा जिंदाबाद, भारत माता की जय आदि नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, विधानसभा विस्तारक ईश्वर बास्की, सोहना रविदास, मिहिर सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## खलारी के नये थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना परिसर में रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर निवर्तमान थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम को विदाई दी गयी। साथ ही नये थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह का स्वागत किया गया। इससे पूर्व नये थानेदार विजय कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने की सारी औपचारिकतायें पुरी किया। कार्यक्रम में खलारी के सभी राजनैतिक दलों के लोग, व्यवसायिक संघ के सदस्य, सामाजिक संगठनों, धार्मिक कमेटी के लोग सहित खलारी कोयलांचल के प्रबुद्ध लोगों द्वारा बारी-बारी से नये थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह व निवर्तमान थाना प्रभारी फरीद आलम को बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। नये थानेदार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। किसी तरह की कोई परेशानी हो तो खलारी थाना को जरूर सुचित करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ.इरशाद, कांग्रेस झारखण्ड प्रदेश लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा, शत्रुंजय सिंह, सुशील अग्रवाल, रतन मिश्रा, राजेश सिंह मिंटु, रंजन सिंह बिट्टु, विक्की सिंह, डालसा सदस्य मुन्नु शर्मा, विकास दुबे, कार्तिक पांडेय, मनोज यादव सहित सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, खलारी व्यवसायी संघ के लोग आदि उपस्थित थे।

## प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी ने कोयला लिफ्टर पर हुई गोलीबारी जिम्मेवारी ली

खलारी (आजाद सिपाही)। प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी ने रविवार को एक पत्र जारी कर षनिवार को कोयला लिफ्टर रवि राम पर हुई गोलीबारी की घटना की जिम्मेवारी ली है। संगठन के उत्तरी दक्षिणी सीमांती संबजोनल कमेटी कॉमरेड बलवंत जी के नाम से जारी पत्र में कहा गया कि एनके एरिया में जितने भी कोयला लिफ्टर और पिपरवार एरिया में ट्रांसपोर्टर, डीओ होल्डर, लिफ्टर, छोटे बड़े ठेकेदार है वे जबतक टीएसपीसी संगठन से बात नही करते है तबतक कोई भी काम नही करे, अगर संगठन की चेतावनी के बाद भी काम करते है तो जान माल के नुकसान के जिम्मेवार स्वयं होंगे। साथ ही पुरनाडीह, डकरा, केडीएच, चुरी डंप कमेटी को भी चेतावनी देते हुए सगठन से बात करके ही डंप चलाने को कहा गया है।

# सरकार एक-एक करके सभी सार्वजनिक उद्योगों को बेच रही है : यूनियन

16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल को लेकर एनके एरिया में संयुक्त मोर्चा ने की बैठक, हड़ताल की रणनीति बनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** डकरा वीआइपी क्लब सभागार में रविवार को एचएमएस, एटक, सीटू और इंटक से संबंधित यूनियनों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड प्रेम कुमार और संचालन शैलेश कुमार ने किया। बैठक में आगामी 16 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को लेकर रणनीति बनायी गयी। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक और औद्योगिक मजदूर विरोधी नीति के चलते देश के वर्किंग क्लास और आम जनता का जीना दूभर हो गया है। सरकार एक-एक करके सभी सार्वजनिक उद्योगों को बेच रही है। कोयला उद्योग में सरकारी कर्मचारियों की संख्या घटाई जा रही है। नयी-नयी खदानों को निजी मालिकों को देने की तैयारी की जा रही है। स्थायी कर्मियों के बहाली पर रोक लगायी जा चुकी है। कोयला उद्योग में 9:4:0 मेडिकल अनफिट को समाप्त किया जा चुका है। पेंशन और रिटायरमेंट के बाद का मेडिकल सुविधा को कमजोर किया जा चुका है। इस तरह कोयला उद्योग से संबंधित 13 मुद्दे और आमजन से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के 21 मुद्दे को लेकर देश के सभी सार्वजनिक उद्योगो, राज्य सरकार के कर्मचारियों, केंद्रीय कर्मचारियों और छोटे दुकानदार, किसान और किसान मजदूर, छात्र, महिला और बेरोजगार आम जनता, स्कीम वर्कर सभी 16 फरवरी को पूरे देश में हड़ताल करने जा रहे है। इसी कड़ी में कोयला मजदूरों से भी अपील की गयी कि 16 फरवरी को कोयला उद्योग में भी पुरजोर हड़ताल कर सरकार की नीतियों का विरोध किया जाय। इसके लिए एक रणनीति के तहत एनके एरिया की सभी परियोजनाओं में गेट मीटिंग किया जायेगा। 12 फरवरी को केडीएच और चुरी परियोजना, 13 फरवरी को डकरा, 14 फरवरी को पूरनाडीह और 15 फरवरी को रोहिणी तथा अन्य जगहों पर गेट मीटिंग किया जायेगा। बैठक मे मुख्य रूप से डीपी सिंह, गोल्टेन प्रसाद यादव, सुनील कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, उदय सिंह, जीके साहू, अरविंद सहित सभी यूनिटो के युनियन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक ने किताहातू पंचायत में चलाया गांव चलो अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के नेतृत्व में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान के तहत किताहातु पंचायत के कूड़ापूर्ति ग्राम में बूथ संख्या 291, 292, 293, 294 और 295 में जनसंपर्क अभियान चलाया। पार्टी के निर्देश पर कार्यकर्ता और नेता गांवों में जायेंगे और वहीं रात्रि प्रवास करेंगे। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित बूथ अध्यक्षों और ग्रामीण से कहा कि पिछले 10 वर्ष में केंद्र में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए विकास के नये आयाम कायम किये हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने युवाओं, महिलाओं और गरीबों के साथ ही आदिवासियों के लिए कई योजनआं की शुरूआत की है। हमें जागयक होकर इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि आनेवाले संसदीय चुनाव में एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। मौके पर राजेश नाग, अर्जुन पाहन, हरिनाथ मुंडा, मुचिराय मुंडा, बलराम मंडा, मांगो मुंडा, दशाय मुंडा, बंगाली मुंडा आदि उपस्थित थे।

# विधायक सविता ने स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद तिलका मांझी को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता




**ईचागढ़।** स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद बाबा तिलका मांझी के जयंती के अवसर पर विधायक सविता महतो और जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक ने चांडिल प्रखंड के चिलगु, गांगुडीह पुनर्वास स्थल और लेंगडीह स्थित बाबा तिलका मांझी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका की जीवन कथा से प्रेरणा लेकर हमें चलने की आवश्यकता है। इस दौरान विधायक ने तिलका कल्याण समिति गांगुडीह पुनर्वास स्थल व लेंगडीह में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भी शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बुलंद किया। विधायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल जीवन का एक अभिन्न अंग है। खिलाड़ी मन लगाकर खेल को खेले निश्चय ही लक्ष्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। मौके पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, पप्पू वर्मा, ओमप्रकाश लायेक, काबलु महतो, कृष्णा किशोर महतो, श्यामल मार्डी, धर्मु गोप, सुमित टुडू, संजय हांसदा आदि ने भी बाबा तिलका के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## झारखंड स्टेट महिला पेसिडेनट बनी तमाड़ की नंदा नायक




तमाड़ (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय अपराध नियंत्रण संगठन की झारखंड स्टेट महिला पेसिडेनट बनी तमाड़ की नंदा नायक। इनके बनने से पांच परगना के लोगों ने बधाई दी है। इसके पहले डालसा में काम कर चुकी है व समाज सेवा में जुड़ी रहती है।

## जर्जर शिव मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू

खलारी (आजाद सिपाही)। समाजसेवी विरेंद्र कुशवाहा के पहल पर वर्षों से जर्जर सुभाषनगर शिव मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू कर दिया गया है। सीसीएल के आश्वासन के बावजूद जब मंदिर का काम शुरू नहीं किया गया तो स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से यह काम कराने का निर्णय लिया। विरेंद्र कुशवाहा का बचपन सुभाषनगर कॉलोनी में बीता है और वे अब रांची में रहते हैं उन्हें मंदिर की जर्जर हालत का पता चला तो उन्होंने इसके जिर्णोद्धार का काम सामुहिक सहयोग से कराने का सुझाव दिया और रविवार को सर्वप्रथम बड़ा आर्थिक सहयोग कर काम शुरू कराया। इस अवसर पर विरेन्द्र कुशवाहा, केके सिंह, राजीव रंजन, आरके चैधरी आदि मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रनिया।** तोरपा विधानसभा के रनिया प्रखंड के सभी 42 बूथों पर रविवार को गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया और केंद्र सरकार की उपलब्धियों और गांव वालों के लिए चलायी जा रही विकास योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर मंडल अध्यख निखिल कंडुलना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश बहुत बड़ी शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू ने लोगों से अपील की कि वे आनेवाले लोकसभा चुनाव में फिर भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें। इसके पूर्व सभी बूथों पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पंडितजी के आदर्श हमारे प्रेरणश्रोत बने रहेंगे : कोचे मुंडा

पुण्यतिथि पर विधायक ने ग्रामीणों के साथ दी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** एकात्मक मानववाद के प्रणेता और विलक्षण प्रतिभा के धनी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर रविवार कों जिले भर के कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने ग्रामीणों के साथ अपने पैतृक गांव ममरला के बूथ नंबर 82 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। मौके पर विधायक ने कहा कि 1937 में जब वह कानपुर से स्नातक कर थे, अपने सहपाठी बालूजी महाशब्दे की प्रेरणा से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आये। संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार का सान्निध्य कानपुर में ही मिला। उपाध्याय ने पढ़ाई पूरी होने के बाद संघ का दो वर्षों का प्रशिक्षण पूर्ण किया और संघ के जीवनव्रती प्रचारक हो गये और आजीवन संघ के प्रचारक रहे। संघ के माध्यम से ही उपाध्यायजी राजनीति में आये। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। गुरुजी (गोलवलकर जी) की प्रेरणा इसमें निहित थी। 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ। उपाध्याय जी इस दल के महामंत्री बने। इस अधिवेशन में पारित 15 प्रस्तावों में से सात उपाध्याय ने प्रस्तुत किये। डॉ मुखर्जी ने उनकी कार्यकुशलता और क्षमता से प्रभावित होकर कहा था कि यदि मुझे दो दीनदयाल मिल जायें, तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदल दूं। विधायक ने बताया कि 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वह मात्र 43 दिन जनसंघ के अध्यक्ष रहे और 11 फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गयी। विधायक ने कहा कि पंडितजी के आदर्श हमेशा हमारे प्रेरणास्रोत हैं।

**गांव में चलाया जनसंपर्क अभियानः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद विधायक कोचे मुंडा ने पतरायुर गांव के 80 घरों में जनसंपर्क अभियान चलाया और केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। मौके पर ग्राम प्रधान पोवा पाहन, एतवा पाहन सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा ने केडी में मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



खलारी (आजाद सिपाही)। भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान के तहत केडी हिंदूगढी चैक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पुण्यतिथि मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। वहीं बारी-बारी से सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर खलारी मंडल के महामंत्री कार्तिक पांडे, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, उपाध्यक्ष सिनी समाड, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप पासवान, एसटी मोर्चा कोषाध्यक्ष कुलदीप लोहार, प्रदीप प्रमाणिक, दिलीप गंझू, विनय झा, संजीत तुरी, पंकज मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राहे थाना का आज होगा उद्घाटन

राहे (आजाद सिपाही)। सोमवार को राहे ओपी को उत्क्रमित करते हुये राहे थाना के रूप में उद्धाटन किया जायेगा। रांची के सीनियर एसपी चंदन सिन्हा, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो,के द्वारा राहे थाना का उद्घाटन किया जायेगा। इस अवसर पर बुंडू डीएसपी, इंस्पेक्टर, सोनाहातू थाना, राहे ओपी, सिल्ली ओर अनगड़ा के थाना प्रभारी उपस्थित रहेंगे। शांति समिति की बैठक सरस्वती पूजा के अवसर में शांति समिति की बैठक हुई जिसमें भड़काऊ गाने, तेज डीजे, विधि व्यवस्था नियंत्रण सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। मौके पर उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया कृष्णा पातर, मनोज चटर्जी, सुशांत सिंह, कमलाकांत सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, अमजद अली, क्षेत्रमोहन महतो, अक्षय महतो आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी मदन भगत की पुण्यतिथि पर भंडारा



खूंटी(आजाद सिपाही)। मुरहू के समाजसेवी मदन भगत की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र संतोष भगत, सुधीर भगत और सकलदीप भगत तथा पुत्री सुजाता जायसवाल द्वारा भंडारा का आयोजन मुरहू के शान्तिपुरी स्थित शबरी कुटिया आश्रम में किया गया। इस दौरान स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि आज के परिवेश में सभी मनुष्यों को मन की शांति के लिए जीवन में सत्य के मार्ग पर चलकर एवं सदैव ईश्वर का ध्यान करना जरूरी है। उन्होंने दिवंगत मदन भगत की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान परिवार के सदस्यों द्वारा बच्चों के बीच बिस्कुट के पैकेट एवं चाकलेट का भी वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम के अध्यक्ष जोरन मुंडा, उपाध्यक्ष राम हरि साव ,संजय कुमार, सूरजमल साव, डॉ डीएन तिवारी, सुबोध साव, संतोष गुप्ता आदि ने योगदान दिया। मुरहू स्थित शयोर सक्सेस कोचिंग सेंटर रविवार कों शेकसभा का आयोजन कर मदन भगत को श्रद्धांजलि दी गयी।

## मजदूर नेता ने दो परिवार को दी खाद्य सामग्री

खलारी (आजाद सिपाही)। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने प्रखंड के दो परिवार को खाद्य सामग्री दिया। राय स्टेशन निवासी स्वर्गीय सीताराम तथा डकरा भूतनगर निवासी स्वर्गीय संगीता कुमारी दोनों का एक सप्ताह पूर्व मृत्यु हो गया था। जनकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी दोनों परिजन के घर जाकर श्राद्धक्रम के लिए खाद्य सामग्री दिया। अंसारी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## बमने पंचायत के बूथ संख्या 58, 59 और 60 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान चलाया




खलारी(आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड के बमने पंचायत में भाजपा सोषल मीडिया प्रभारी रांची जिला ग्रामीण सह कार्यक्रम प्रभारी षिवकुमार चैधरी के नेतृत्व में गांव चलो अभियान को किया गया। अभियान के तहत बमने पंचायत के बूथ संख्या 58, 59 और 60 में सभी बूथ अध्यक्षों से मिलकर भाजपा कार्यकताओं ने ग्रामीणों को केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में प्रमुखता से बताया। इस दौरान लोगों से आने वाने लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने और नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी शिवकुमार चैधरी के अलावा प्रदीप कुमार सिंह, कमलेश महतो, बबलू महतो, फुलेष्वर महतो, विकास लोहरा, अमन लोहरा, गणेश महतो, सामू साव, सुनैना देवी बुधनी देवी आदि मौजूद थे।

## रायडीह मोड़ तमाड़ में हुई झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति की 5वीं बैठक




तमाड़ (आजाद सिपाही)। आजसू के संथापक सदस्य सह पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो के नेतृत्व में आज झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति की पांचवीं बैठक रायडीह मोड़ तमाड़ में हुआ। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के संस्थापक पुस्कर महतो शामिल हुए। आयोग द्वारा चलाये जा रहे चिन्हितीकरण कार्यक्रम के दरम्यान भुवनेश्वर महतो तमाड़ का दौरा किये। उन्होंने कहा कि कोई भी आंदोलनकारी ना छूटे। उन्होंने पुराने आंदोलन के दिनों की याद करते हुए तमाड़ की धरती को नमन किया। और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपनी जिंदगी को आंदोलन में समर्पित कर दिया। जो आंदोलनकारी का स्वर्गवास हो गया है उनके आश्रितों को चिन्हित करने को कहा गया। तमाड़ क्षेत्र के 24 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। कुछ लोग घर वार छोड़ कर दूसरे राज्यों में काम करने चले गए हैं। उन लोगों से भी संपर्क करने हेतु जिम्मेवारी सौंपी गयी है। आज की बैठक में गुणोधर मांझी, सुभाष मांझी, गणेश मछुआ, राजेश सवांसी, गुरुवा संवासी, निलंबर महतो, दिलीप महतो, दीनबंधु महतो, तरनी महतो, सहित कयी आंदोलनकारी साथी उपस्थित थे।

## नये डीएसपी और थानेदार ने लिया पदभार




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिल्ली के नए डीएसपी रणवीर सिंह ने पिछले दिनों पदभार संभाला वहीं अनगड़ा थाना के नए थाना प्रभारी बने प्रशिक्षु डीएसपी प्रभात कुमार बेक ने भी योगदान दिया। दोनों पुलिस पदाधिकारियों नें **आजाद सिपाही** को बताया कि जनता की उम्मीदों पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। नागरिकों की सुरक्षा, बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखना और आमजनों की समस्याओं का तत्काल निष्पादन हो सके यह उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंनें क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने में जनता से भी सहयोग की अपेक्षा की।

## गांव चलो अभियान के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने बूथ में मनायी पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गांव चलो अभियान के दौरान प्रवासी कार्यकर्ता सह भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में रविवार को जरगा बूथ संख्या 121 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि यह अभियान हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को समर्पित कर रहे हैं। पंडित जी केवल भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं। समाज के अंतिम पंक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचानें की उनकी सोंच को आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धरातल पर सार्थक कर रहे हैं।

## कलश यात्रा में शामिल हुए पूर्व सांसद-विधायक

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के बेड़वारी झटनी टुंगरी गांव में शनिवार को तीन दिवसीय हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चैधरी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जैलेन्द्र कुमार, अनुराधा मुण्डा आदि शामिल हुए। जयकारे की गुंज से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। कार्यक्रम के मुख्य पूजारी पंडित आचार्य राधे राधे जी महाराज, निरंजन शास्त्री एवं टुनटून जी हैं। जबकि प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पूजारी झल्लु महतो, मलीता देवी, जितेन्द्र महतो, संध्या देवी, सेवाराम महतो, सरिता देवी, मनीराम महतो एवं आशा देवी हैं। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, रणधीर महतो, मनोज कुमार चैधरी, नरेश साहू, विरेन्द्र सिंह भोगता, राजेन्द्र महतो, अजय महतो, महेन्द्र महतो, प्रमोद सिंह, राजेश महतो, विश्राम महतो आदि उपस्थित थे।

## सामाजिक परिवर्तन में महिलाओं की भूमिका अहम : डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने बैठक की। कहा कि आज हम सब एक नाजुक दौर से गुजर रहे है। खास कर हमारे आदिवासी समाज। हमे अपने मूल चीज से न भटकते हुए अपना भाषा संस्कृति, रीति रिवाज, रूढ़ी परंपरा मूल धर्म को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उ्होंने विशेष रूप से महिलाओं को कहा कि आप अपने अपने परिवार एवं समाज में नशा जैसे कुरीतियों को दूर करने में अपना योगदान दे और सभी बच्चों को जरूर पढ़ाए। मौके पर रमेश उरांव, मिंटू उरांव, पंचम उरांव, कैलाश उरांव, सूरज उरांव, सुनील उरांव, जितेंद्र उरांव, उदय उरांव, सुंदरदेव उरांव, शांति उरांव, शिवानी कुमारी, माधुरी टोप्पो, पूनम उरांव आदि उपस्थित थे।

## उर्दू टेट अभ्यर्थियों की संख्या पद से तीन गुना कम, सीधी बहाली करे सरकार



**मांडर (आजाद सिपाही)।** बिहार सरकार की ओर से वर्ष 1999 में सृजित 4401 उर्दू शिक्षक के रिक्त 3712 पदों के विरुद्ध उर्दू टेट पास अभ्यर्थियों कि तीन गुना कम संख्या को देखते हुए सीधी बहाली की मांग को लेकर रविवार को मांडर प्रखंड के मुड़मा में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व कर रहे आमया संगठन के प्रखंड संयोजक फिरोज अंसारी ने कहा कि शिक्षा विभाग लगातार झारखंडी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय कर रही है। पहले सहायक शिक्षक के पद पे-ग्रेड आधा कर सहायक आचार्य बना दिया अब उर्दू शिक्षक पद के पीछे विभाग के अधिकारी पड़े है। सरकार को उन अधिकारियों पर कार्रवाई करने के बजाए उनके इशारे पर काम कर रहे है। मौके पर केंद्रीय सचिव नौशाद आलम, अंजुम खान, जफर अब्बास, मुजाहिद अंसारी, एकराम अंसारी, नसीम अंसारी, जावेद अंसारी, खालिद अंसारी, तौफीक आलम, जाहिद अंसारी, शमसुल हक, अब्दुल खालिक, हाफिज आजाद, मो वसीम आदि शामिल थे।

## साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चरनाबेड़ा गांव में हर सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगाया जायेगा। जिसका उद्घाटन रविवार को नामकुम समाजसेवियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी यहां पर बाजार लगाया जाता था। लेकिन कुछ कारणवश बाजार बंद था। बाजार पुनः चालू होने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। मौके पर हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, वार्ड सदस्य मादी टोप्पो, सुकरा लकड़ा, माही टोप्पो, मदन टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी शंभु महतो का निधन, शोक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पाकल मेड़ी गांव निवासी समाजसेवी शंभु महतो (65) का रविवार को उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। वहीं, निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इनके अंतिम यात्रा में सैंकड़ो लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार पाकल मेड़ी मुक्ति धाम में किया गया। मारुति मंगल परिवार के अध्यक्ष विक्रम महतो ने शंभु महतो के निधन को समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।

### जगत ज्ञान सरोवर संस्थान ने किया पाठ्य सामग्री का वितरण

# बेहतर गांव-समाज के लिए शिक्षा जरूरी : नीरज कुजूर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के पुरियो गांव में रविवार को पढेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया के तहत जगत ज्ञान सरोवर संस्थान की ओर से गांव के बच्चों के बीच निःशुल्क पुस्तक, पेंसिल, रबर, कटर पाठ्य सामग्री का वितरण प्रमुख विनीता व पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य संदीप राज ने शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। कहा कि एक समाज और देश तभी विकसित होगा जब शिक्षा का स्तर बढ़ेगा। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षित करने का सतत प्रयास करने को कहा। वहीं मुखिया नीरज कुजूर ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में जगत ज्ञान संस्थान सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि बेहतर गांव और समाज के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। जिसने भी शिक्षा को अपनाया उसका भविष्य बहुत अच्छा हुआ है। पढ़ने लिखने से समाज शिक्षित होगा और शिक्षित समाज से ही देश का विकास होता है। वहीं, शिक्षक गुरू प्रसाद महतो ने पुस्तक की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर समस्या का हल हमें किताब से ही मिलता है। मौके पर दीपक कुमार, राम महली, सुमित कुमार एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



पाठ्य सामग्री के साथ प्रखंड प्रमुख, मुखिया, बच्चे व अन्य।

## माता-पिता का आशीर्वाद फलदायिनी : डॉ राजेंद्र तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** माता पिता देवतुल्य होते हैं। यह बातें करमचंद भगत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ राजेंद्र तिवारी ने कही। वे एकल अभियान समिति संघ के तत्वावधान में महादानी मैदान स्थित रंगमंच पर रविवार को आयोजित मातृ पितृ पूजन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना करते हुए समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपने माता पिता की पूजा अर्चना करते हुए आरती उतारा। साथ ही षाष्टांग प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। वहीं समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद डा राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों को संस्थानों से शिक्षा व परिवार से संस्कार मिलता है। हमें भारतीय संस्कृति को आत्मसात कर पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ना चाहिए। समारोह में रमेश प्रसाद गुप्ता, भीखा उरांव व अर्जुन सिंह आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। वहीं समारोह में एकल विद्यालयों में क्रमशः टेंगरिया, चिल्द्री, कटरमाली, ताबेर खूर्द, बोदा, ईंटा, मुड़ामु, जामटोली, डांड़कंडरिया, कुदारखो, शहेदा, हुंटार, पंडरा, हुलसी, जरिया व जमनी आदि के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भाग लिया। दूसरी ओर, समारोह को सफल बनाने में संघ के भोला महतो, मीना कुमारी, गीता देवी, सुषमा देवी, लक्ष्मी देवी, नमिता उरांव, एलिस उरांव, मंजू मिंज, मिथिला देवी, अलका कच्छप, रूपरानी देवी, जगमोहन गोप, श्रृष्टि कुमारी व आराधना गुप्ता आदि ने सराहनीय योगदान दिया। समारोह का संचालन अर्जुन सिंह ने किया।

## कुड़मी हुंकार महारैली में ओरमांझी से शामिल होंगे 25 हजार लोग




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दाडदाग आरटीसी कॉलेज में रविवार को कुडमी समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार महतो और संचालन वीरेंद्र महतो ने किया। बैठक में 18 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले कुडमी हुंकार महारैली में ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र से 25 लोगों के पारंपरिक वेश-भूषा, ढोल नगाड़े एवं गाजे-बाजे के साथ शामिल होने का निर्णय लिया। इस दौरान अपने संबोधन में कुडमी विकास मोर्चा के ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार महतो ने कहा कि 18 फरवरी को होने वाली कुडमी हुंकार महारैली ऐतिहासिक होगी और आने वाले दिनों में राज्य की दशा और दिशा तय करेगी। कुडमी हुंकार महारैली में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य रूप से आकाश महतो, संदीप महतो, हरीमोहन महतो, मनोज कुमार, महेश महतो, सरवन कुमार महतो, कालेश्वर महतो, मनोज कुमार, हरिश कुमार, अरविंद महतो, सहजनाथ महतो, गुलशन महतो, अलखनाथ महतो, योगेश महतो, सुनील महतो, बोधनाथ कुमार, जगदीश महतो,रामलखन्न, महतो, पुलेन्द महतो, बिनोद कुमार, रमेश महतो आदि लोग शामिल थे।

## गांव चलो अभियान में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** गांव चलो अभियान के तहत कांके विधानसभा क्षेत्र के खटंगा पंचायत अंतर्गत बूथ क्रमांक 298, 299 में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कांके विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जीतू चरण उपस्थित हुए। बताया गया कि भाजपा ने गांव चलो अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पार्टी के सभी बड़े नेता गांवों में आयेंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे। ग्रामीणों के बीच रहते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। भाजपा नेता संजीत सिंह ने कहा कि पिछले 10 साल में केंद्र में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुये जो बड़े कार्य हुए और योजनाएं लागू की गयी है। जिसका व्यापक स्तर पर लोगों को फायदा मिला है। इस दौरान ग्रामीणों को प्रधानमंत्री के विभिन्न योजनाअें की जानकारी दी गयी। बैठक में मुख्य रुप से पूर्व सैनिक संजीत सिंह, सहसंयोजक चिंतामणि साहू के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## नामकुम थाना ने कार्रवाई नहीं की तो आयोजित हुई आमसभा

**नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चरना बेड़ा ग्राम में रविवार को विशेष आमसभा आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता हहाप मुखिया नन्हे कच्छप ने की। मुखिया ने बताया कि विगत 21 जनवरी को जमीन मामले में ग्रामीणों एवं मुखिया को जान से मारने की धमकी मिली थी। जिसके बाद 22 जनवरी को सरवल मौजा के समस्त ग्रामीण ने नामकुम थाना में दोषियों पर कार्रवाई के लिये प्राथमिकी दर्ज कराया था। लेकिन अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे और दोषियों पर जल्द कार्रवाई की मांग की। मौके पर प्रेमशाही मुंडा, कुमकुम केरकेट्टा, प्रफुल लिंडा, सुखनाथ लोहरा, सुकरा लकड़ा, माही टोप्पो, चांदनी टोप्पो, प्रकाश मुंडा, ममता लकड़ा, मदन टोप्पो आदि मौजूद थे।**

### झारखंड दफादार चौकीदार पंचायत की बैठक

## मांगें पूरी नहीं होने पर करेंगे आंदोलन: सुरेंद्र मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** प्रखंड के साल्हन पतरा मैदान में झारखंड दफादार चौकीदार पंचायत की बैठक शनिवार को अनगड़ा थाना के चौकीदार सुरेंद्र मुंडा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें रांची जिले के अनगड़ा, सिकिदिरी सहित टाटीसिलवे, बेड़ो, इटकी, मांडर, ओरमांझी, कांके, नगड़ी, चान्हो आदि थानों के सैकड़ों चौकीदार शामिल हुए। मुख्य अतिथि मांडर थाना के चौकीदार राधा मोहन लोहरा व विशिष्ट अतिथि इटकी के सुरेंद्र महली थे। चौकीदारों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सरकार से मांग की गई कि सेवा मुक्त किए गए चौकीदारों को पुनः सेवा में बहाल करते हुए रिक्त पदों के लिए निकाले गए विज्ञापन को रद्द कर नए सिरे से पद का सृजन किया जाए और उसमें एक जनवरी 1990 से पूर्व एवं बाद में सेवा निवृत चौकीदारों के आश्रितों को बहाल किया जाए। बताया गया कि आज भी चौकीदारों के कई आश्रित वगैर वेतन के अपने थानों में सेवा दे रहें हैं। ऐसे में उन्हें सेवामुक्त किए जाने से परिवार के समक्ष रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। चेतावनी दी गई कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को बाध्य होंगें। बैठक में राजकिशोर महतो, वहाब अंसारी, दिनेश, विष्णु, लालमोहन, जगदीश, बीरेंद्र, सुनिल, आशाराम, तुलसी, नेपाल, घसीराम, संतोष, गुरुचरण, राजेन्द्र, जब्बार, रामनाथ, प्रीतम, रॉबिन, शक्ति, महेश, अशोक, अनुज, बालेश्वर सहित अन्य चौकीदार मौजूद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के संरक्षक दिवंगत विश्वनाथ भगत की तीसरी पुण्यतिथि मनायी गयी




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय पडहा संचालन समिति के तत्वाधान में रविवार को झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक स्व विश्वनाथ भगत की तृतीय पुण्यतिथि स्मृति दिवस स्थित बारीडीह जतरा टाड के केंद्रीय पडहा समिति भवन प्रांगण में मनाई गयी। सर्वप्रथम पड़हा समाज व झारखंड आंदोलनकारियों ने स्व विश्वनाथ भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। वहीं, स्व विश्वनाथ भगत की पत्नी व केंद्रीय पडाहा संचालन समिति की संरक्षक नीलमणि भगत ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरी तन्मयता से स्व विश्वनाथ भगत के बताये मार्ग पर चलकर क्रांति लाना है। डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि बेहतर झारखंड बनाने व बचाने के लिए संघर्ष करने की जरूरत है। केंद्रीय संचालन समिति के संरक्षक राकेश भगत ने कहा कि स्व विश्वनाथ भगत हमारे समाज व झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के अगुआ थे। उनके सपनों को मंजिल तक पहुचाना है। वहीं, भौवा उरांव ने कहा कि हमे अलग राज्य के संघर्ष के मूल्यों को स्थापित करना है। कार्यकारी अध्यक्ष एतवा उरांव ने कहा कि हमारे संस्कृति, समाज व अलग राज्य के प्रणेता थे। प्रो सोमरा उरांव ने कहा कि गांव घर में विश्वनाथ भगत सोच को स्थापित कर नावा विहान लाना है। कार्यक्रम का संचालन धनजय कुमार राय व धन्यवाद ज्ञापन महादेव मुंडा ने की। मौके पर मुखिया सुशांति भगत, पाड़हा राजा विशाल उरांव, दीवान बिरवा उरांव, प्रभाकर कुजूर, महावीर विश्वकर्मा, पाड़हा अध्यक्ष बंधना उरांव, घीनू उरांव, विश्वनाथ गोप, डॉ जफर अली, लीला मुंडा, राशिद मीर, बांदे उरांव, पाड़हा राजा विष्णु उरांव, प्रवक्ता चरवा उरांव, चुमनू उरांव, सुका उरांव, धुंधरी उरांव, पिंकी उरांव, डेविड मिंज, आनंद भगत, अल्फ्रेड मिंज, मुमताज खान, रवि टोप्पो आदि ने स्वर्गीय विश्वनाथ भगत को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## शोकसभा आयोजित कर दिवंगत पत्रकार को दी श्रद्धांजलि



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के वरीय पत्रकार सह कुशवाहा विकास मंच के अध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो के निधन पर रविवार को सत्संग भवन में केसरवानी वैश्य सभा एवं तरुण सभा के तत्वावधान में केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष रामजीवन केशरी की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रदीप महतो केसरवानी समाज के लिए हर दुःख सुख में साथ में खड़े रहते थे। उनका निधन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। मौके पर केसरवानी वैश्य समाज के संरक्षक दौलतराम केसरी, द्वारिकानाथ साहू, नगड़ी वैश्य सभा के अध्यक्ष रामजीवन केशरी, महामंत्री दिनेश केशरी, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत केशरी, कमलेश केशरी, लाला चौधरी, गौरव राज, जिला तरुण सभा के अध्यक्ष मनीष कुमार केशरी, रवि केशरी और शिव चौधरी आदि थे।

## ओखरगढ़ा में रखी गयी जीएम मॉडर्न पब्लिक स्कूल के नये भवन निर्माण की आधारशिला

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** मदनपुर डालाबर चौक स्थित जीएम मॉडर्न पब्लिक स्कूल के ओखरगढ़ा स्थित नए परिसर में रविवार को स्कूल के नये भवन की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रोफेसर एसएम शमीम ने कहा कि मुस्लिम समाज को आज मस्जिदों के निर्माण से अधिक स्कूलों का निर्माण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मस्जिद और मदरसे तभी सुरक्षित रहेंगे जब मुस्लिम समाज विशेष कर आने वाली नस्ल शिक्षित और जागरूक होगी। वहीं, जमील असगर ने कहा कि मुसलामानों की वर्तमान हालत कि जिम्मेदार खुद मुस्लिम समाज ही है। मां-बाप अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा के प्रति उदासीन हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता- पिता का यह सबसे बड़ा कर्त्तव्य है कि वह अपने सामर्थ्य के अनुसार अपने बच्चों को उच्च से उच्चतर शिक्षा दीक्षा का प्रबंध करे। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने स्कूल के नये भवन के लिए अपने हाथों से आधार के लिए ईंट रखी। कार्यक्रम में प्रोफेसर एसएम शमीम, प्रोफेसर खालिक अहमद, शब्बीर पाशा, एसएम अजीम, जमील असगर, परवेज आलम, वलीउर रहमान, स्कूल की शिक्षिकाएं इंशा हसन, हनी हसन, सबीहा परवीन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा सिकिदिरी मंडल में मनायी गयी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत के खभानव गांव में भाजपा सिकिदिरी मंडल की ओर से मंडल महामंत्री सोहरैया बेदिया के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान भाजपा रांची जिला के एसटी मोर्चा महामंत्री बुधराम बेदिया उपस्थित थे। इस अवसर पर संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके परपर गिलू बेदिया, तिलक बेदिया, शिबु बेदिया, ठाकुरदास करनाली, कृष्ण बेदिया, मंगरा बेदिया, दिपेन्द्र बेदिया, युगलकिशोर बेदिया, शनिचारवा बेदिया, शंकर बेदिया, अमृत बेदिया, जोतिलाल बेदिया, बिन्दा मुण्डा, पंचमी देवी, उज्ज्वला देवी, इन्दुमती देवी आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंडित दीनदायान उपाध्याय की मनी पुण्यतिथि

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा खिजरी मंडल अंतर्गत सिठीयो पंचायत के बूथ क्रमांक 300, 301, 302, 303 में प्रवास करने के दौरान स्थानीय लोगों से मिलकर एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान लोगों ने उनके आदर्शों व बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, रितेश उरांव, गोरखनाथ सिंह आदि थे।

